Adda247 GET IT ON Google Play

# Paper - II

# Hindi

SUBJECT CODE : 1 8

**Booklet Code**

**A**

**Test Booklet No.**

**Roll No. :**

(Figures as per admission card)

**Roll No. (in words) :** ______________________________

**OMR Sheet No. :**

**Name and Signature of Invigilator/s**

Signature : ____________________

Name : ____________________

Time : 2 Hours | Maximum Marks : 200

**Number of Pages in this Booklet : 20** | **Number of Questions in this Booklet : 100**

**Instructions for the Candidates**

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of hundred (100) multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the test booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested **To Open the Booklet and Compulsorily Examine it as Below:**
   (i) To have access to the Test Booklet, tear off the paper seal on the edge of the cover page. Do not accept a booklet without sticker seal or open booklet.
   (ii) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Test Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (iii) After the verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the questions are to be indicated in the **OMR Sheet kept inside this Booklet**. If you mark at any place other than in the circles, the OMR Sheet will not be evaluated.
6. Read the instructions given in OMR Sheet carefully. Fill the Booklet Code of Paper-II in OMR Sheet **Compulsorily**.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the OMR Answer Sheet, except for the space provided for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the OMR answer Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must NOT carry it with you outside the Examination Hall.
10. You can take away test booklet and carbon copy of OMR Answer Sheet after the examination.
11. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
12. **Use of any calculator, electronic gadgets or log table, etc. is prohibited.**
13. **There is no negative mark for incorrect answer.**

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

70,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play



1. संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत संघ की राजभाषा के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से प्रावधान किए गये हैं ?
   (a) संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी।
   (b) शासकीय प्रयोजनों के लिए भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप मान्य होगा।
   (c) राजभाषा के बारे में राष्ट्रपति एक आयोग का गठन करेंगे।
   (d) उच्च अथवा उच्चतम न्यायालय की भाषा अंग्रेजी होगी।

   नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए-
   (A) केवल (a) और (c)
   (B) केवल (a) और (b)
   (C) केवल (b), (c) और (d)
   (D) केवल (a), (b) और (c)

2. नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए-
   (a) राजभाषा की दृष्टि से अंडमान-निकोबार द्वीप समूहों को 'क' क्षेत्र में रखा गया है।
   (b) केन्द्रीय हिन्दी समिति की बैठकों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं।
   (c) राजभाषा अधिनियम 10 मई, 1963 से लागू हुआ।
   (d) संविधान सभा में हिन्दी को राजभाषा के रूप में अपनाने के लिए सर्वसम्मति
   (A) केवल (a) और (d)
   (B) केवल (a) और (b)
   (C) केवल (a), (c) और (d)
   (D) सभी (a), (b), (c) और (d)

3. 'थारू' भोजपुरी का स्थानीय रूप नहीं है -
   (A) नागपुरिया
   (B) सरवरिया
   (C) गोरखपुरी
   (D) छपरहिया

4. मगही और भोजपुरी में मुख्य अंतर है -
   (A) लिंग वचन के रूपों में
   (B) संज्ञा सर्वनाम के रूपों में
   (C) सहायक क्रिया रूपों में
   (D) कोई अंतर नहीं

5. निम्नलिखित में से सिंधी भाषा का विकास किससे माना जाता है ?
   (A) ब्राचड़
   (B) पैशाची
   (C) मागधी
   (D) अर्धमागधी

6. भरतमुनि के रससूत्र में संयोग और निष्पत्ति को अनुमान और अनुमिति किसने कहा है ?
   (A) अभिनवगुप्त
   (B) भट्टनायक
   (C) भट्टलोल्लट
   (D) शंकुक

Adda247 GET IT ON Google Play



7. भारतीय काव्यशास्त्र में सर्वप्रथम किस आचार्य ने सर्गबद्ध रचना को महाकाव्य कहा ?
   (A) भट्टलोल्लट
   (B) विश्वनाथ
   (C) भामह
   (D) आनन्दवर्धन

8. किस शास्त्र को पंचम वेद कहा गया है ?
   (A) काव्यशास्त्र
   (B) चन्द्रलोक
   (C) साहित्यलोचन
   (D) नाट्यशास्त्र

9. "काव्य रचना के पीछे कलात्मक प्रेरणा न होकर दैवी प्रेरणा होती है।" यह किस विद्वान का कथन है ?
   (A) प्लेटो
   (B) अरस्तू
   (C) इलियट
   (D) तेन

10. "उदात्तता साहित्य के सब गुणों से महान है, यह वह गुण है जो अन्य क्षुद्र त्रुटियों के बावजूद साहित्य को सच्चे अर्थों में प्रभावपूर्ण बना देता है।" यह किसका कथन है ?
   (A) क्रोचे
   (B) लौंजाइनस
   (C) इलियट
   (D) वर्ड्सवर्थ

11. 'सरस्वती कंठाभरण' किसकी रचना है ?
   (A) दंडी
   (B) भोजराज
   (C) आनंदवर्धन
   (D) भामह

12. निम्नलिखित में से बेमेल को पहचानिए –

| | कहानी | कहानीकार |
|---|---|---|
| a. | कविप्रिया | कमलेश्वर |
| b. | प्रतिहिंसा | राजेंद्र प्रसाद |
| c. | परमात्मा का कुत्ता | मोहन राकेश |
| d. | मिट्टी के रंग | हरिशंकर परसाई |

   **कूट –**
   (A) (a), (b), (c)
   (B) (c), (a)
   (C) (d), (c), (a)
   (D) (a), (d)

13. प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से स्वयं प्रकाश के कहानी संग्रहों का सही अनुक्रम है –
   (A) सूरज कब निकलेगा, अगली किताब, आएंगे अच्छे दिन भी, आदमी जात का आदमी, छोटू उस्ताद
   (B) सूरज कब निकलेगा, अगली किताब, आएंगे अच्छे दिन भी, छोटू उस्ताद, आदमी जात का आदमी
   (C) आदमी जात का आदमी, छोटू उस्ताद, अगली किताब, आएंगे अच्छे दिन भी, सूरज कब निकलेगा
   (D) आदमी जात का आदमी, छोटू उस्ताद, सूरज कब निकलेगा, आएंगे अच्छे दिन भी, अगली किताब

Adda247 GET IT ON Google Play



14. निम्नलिखित में से आलोचना कृति और आलोचक बेमेल है –

**आलोचना कृति एवं आलोचक**

(a) आधुनिकता और हिन्दी उपन्यास – डॉ. इन्द्रनाथ यादव

(b) आधुनिक हिन्दी साहित्य की भूमिका – डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी

(c) नई कविता और अस्तित्ववाद – डॉ. राम विलास शर्मा

(d) हिन्दी आलोचना : बीसवीं शताब्दी – डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी

कूट –

(A) (d), (c), (a)

(B) (a), (b), (d)

(C) (b), (d)

(D) (b), (d), (c)

15. निम्नलिखित कथन और उनके लेखक का नाम दिया गया है, इनमें से सही कथन नहीं है –

(A) सच्ची कला कभी भी अनैतिक नहीं हो सकती – अज्ञेय

(B) कला की विषय-वस्तु न वेदान्तियों का भ्रम, न हेगेल का निरपेक्ष विचार – रामविलास शर्मा

(C) सौंदर्य कोई निरपेक्ष वस्तु नहीं है, उसका निर्माण भी तो कलाकार की अपनी भावनाओं और धारणाओं के आधार पर होता है – डॉ. नगेन्द्र

(D) भारतीय संस्कृति का पश्चिम पर पड़ने वाला प्रभाव आज भी अवरुद्ध नहीं हुआ है – आचार्य रामचंद्र शुक्ल

16. नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक कथन (Assertion a) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason r) के रूप में :

कथन (a) :भारत दुर्दशा में एक ओर अंग्रेजी राज्य की प्रशंसा, तो दूसरी ओर उसका विरोध है।

कारण (r) : यह इसलिए कि भारत के प्रत्येक अंचल में नवजागरण काल में ऐसा संभव था।

उपरोक्त कथन के आलोक में नीचे दिये गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (a) सही (r) गलत

(B) (a) सही (r) आंशिक सही

(C) (a) गलत (r) सही

(D) (a) और (r) दोनों सही

17. नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक कथन (Assertion a) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason r) के रूप में :

कथन (a) : आत्मकथा लेखक की परंपराबीसवीं शताब्दी में समृद्ध हुई।

कारण (r) : क्योंकि महिला लेखकों ने मुक्त मन से अपनी आत्मकथाएं लिखीं।

उपरोक्त कथन के आलोक में नीचे दिये गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (a) सही (r) आंशिक सही

(B) (a) गलत (r) सही

(C) (a) और (r) दोनों गलत

(D) (a) और (r) दोनों सही

Adda247 GET IT ON Google Play



18. नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक कथन (Assertion a) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason r) के रूप में :

कथन (a) : मैथिलीशरण गुप्त आधुनिक हिन्दी साहित्य के जीवित इतिहास थे।

कारण (r): क्योंकि वे राजनेताओं और साहित्यकारों के बीच सेतु का कार्य करते थे।

उपरोक्त कथन के आलोक में नीचे दिये गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (a) सही (r) आंशिक सही

(B) (a) गलत (r) सही

(C) (a) और (r) दोनों सही

(D) (a) और (r) दोनों गलत

19. निम्नलिखित में से किस रचनाकार ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद बदलते हुए ग्रामीण जीवन का चित्रण नहीं किया है ?

(A) विवेकी राय

(B) फणीश्वरनाथ रेणु

(C) राही मासूम रजा

(D) अज्ञेय

20. नीचे दो कथन दिए गए हैं : एक स्थापना (Assertion a) के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके तर्क (Reason r) के रूप में :

स्थापना (a) : रिपोर्ताज मुख्यतः किसी रोमांच आतंककारी या विभीषक घटना पर आधारित होते हैं।

तर्क (r) : इसलिए वे निरंतर लिखे जाते हैं।

उपरोक्त कथन के आलोक में नीचे दिये गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (a) सही (r) गलत

(B) (a) गलत (r) सही

(C) (a) और (r) दोनों सही

(D) (a) और (r) दोनों गलत

21. निम्नलिखित संस्मरणात्मक पुस्तकों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम है :

(A) घर का जोगी जोगड़ा, दिल्ली शहर दर शहर, ज्ञानरंजन के बहाने, जे एन यू में नामवर सिंह

(B) घर का जोगी जोगड़ा, दिल्ली शहर दर शहर, जे एन यू में नामवर सिंह, ज्ञानरंजन के बहाने

(C) जे एन यू में नामवर सिंह, ज्ञानरंजन के बहाने, दिल्ली शहर दर शहर, घर का जोगी जोगड़ा

(D) दिल्ली शहर दर शहर, ज्ञानरंजन के बहाने, घर का जोगी जोगड़ा, जे एन यू में नामवर सिंह

Adda247 GET IT ON Google Play



22. प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से जीवनियों का सही अनुक्रम है :

(A) कोलम्बस, अब्राहम लिंकन, स्टालिन, मि. चर्चिल, हिटलर

(B) कोलम्बस, अब्राहम लिंकन, मि. चर्चिल, स्टालिन, हिटलर

(C) स्टालिन, मि. चर्चिल, हिटलर, कोलम्बस, अब्राहम लिंकन

(D) मि. चर्चिल, हिटलर, कोलम्बस, अब्राहम लिंकन, स्टालिन

23. निम्नलिखित यात्रा साहित्यिक रचनाओं का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम है –

(A) देश-देश में गाँव-गाँव में, अमेरिका के कुछ दिन, वह भी कोई देश है महराज, हर बार मुसाफिर होता है, किसी वक्त किसी जगह

(B) देश-देश में गाँव-गाँव में, अमेरिका के कुछ दिन, किसी वक्त किसी जगह, वह भी कोई देश है महराज, हर बार मुसाफिर होता है

(C) किसी वक्त किसी जगह, वह भी कोई देश है महराज, हर बार मुसाफिर होता है, देश-देश में गाँव-गाँव में, अमेरिका के कुछ दिन

(D) किसी वक्त किसी जगह, वह भी कोई देश है महराज, देश-देश में गाँव-गाँव में, अमेरिका के कुछ दिन, हर बार मुसाफिर होता है

24. "संस्मरण, रेखाचित्र और आत्मचरित इन तीनों का एक दूसरे से इतना घनिष्ठ संबन्ध है कि एक की सीमा दूसरे से कहाँ मिलती है और कहाँ अलग होती है इसका निर्णय करना कठिन है।" – उल्लेखित कथन किनका है ?

(A) महादेवी वर्मा

(B) पं. पद्मसिंह शर्मा

(C) श्री बनारसीदास चतुर्वेदी

(D) रामवृक्ष बेनीपुरी

25. प्रकाशन वर्ष के अनुसार पुस्तकों का सही अनुक्रम है :

(A) कहो व्यास कैसी कटी, जलती हुई नदी, वह जो यथार्थ था, मैं था और मेरा आकाश, पावभर जीरे में ब्रह्मभोज

(B) वह जो यथार्थ था, मैं था और मेरा आकाश, पावभर जीरे में ब्रह्मभोज, कहो व्यास कैसी कटी, जलती हुई नदी

(C) पावभर जीरे में ब्रह्मभोज, कहो व्यास कैसी कटी, जलती हुई नदी, वह जो यथार्थ था, मैं था और मेरा आकाश

(D) कहो व्यास कैसी कटी, जलती हुई नदी, वह जो यथार्थ था, पावभर जीरे में ब्रह्मभोज, मैं था और मेरा आकाश

Adda247 GET IT ON Google Play



26. प्रस्तुत रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ मिलान कीजिए –

| रचना | रचनाकार |
|---|---|
| P. अप्रवासी की यात्राएं | 1. शंकरदयाल सिंह |
| Q. अपोलो का रथ | 2. बलराज साहनी |
| R. परतों के बीच | 3. कन्हैया लाल नंदन |
| S. ज्योति पुंज हिमालय | 4. कमलेश्वर |

कूट :

| | P | Q | R | S |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

27. 'प्रज्ञा नव नवोन्मेष शालिनी प्रतिभा मता' किसकी पंक्ति है ?
(A) रुद्रट
(B) जगन्नाथ
(C) भट्टतौत
(D) वामन

28. प्रतिभा के दो भेद कारयित्री और भावयित्री किस आचार्य ने किए हैं ?
(A) दण्डी
(B) रुद्रट
(C) राजशेखर
(D) भामह

29. आचार्य शुक्ल ने काव्य की आत्मा किसे माना है ?
(A) रस
(B) छंद
(C) अलंकार
(D) शब्द

30. 'लिरिकल बैलेड्स' किसकी रचना है ?
(A) इलियट
(B) वर्ड्सवर्थ
(C) रूसो
(D) वाल्टेयर

31. 'तेरह सम विषमेश दोहा उलटा ....' परिभाषा में रिक्त स्थान को पूरा करने वाला शब्द है –
(A) चौपाई
(B) छप्पय
(C) सोरठा
(D) रोला

32. 'हिन्दी का मेघदूत' किस रचना को कहा गया है ?
(A) आँसू
(B) जूही की कली
(C) साकेत
(D) प्रियप्रवास

33. "माँ की कुल शिक्षा मैंने दी
पुष्प सेज तेरी स्वयं रची"
यह पंक्ति किस कविता से ली गई है ?
(A) सरोज स्मृति
(B) राम की शक्ति पूजा
(C) कामायनी
(D) उर्वशी

34. 'जाके प्रिय न राम वैदेही' पंक्ति तुलसी की किस रचना की है ?
(A) कवितावली
(B) दोहावली
(C) गीतावली
(D) विनय पत्रिका

Adda247 GET IT ON Google Play



35. 'भक्ति धर्म का रसात्मक रूप है' - कथन किसका है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

36. "भक्ति आन्दोलन भारतीय चिन्ताधारा का स्वाभाविक विकास है"- कथन किसका है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) नगेन्द्र

(D) रामकुमार वर्मा

37. "ये उपमान मैले हो गये हैं

देवता इन प्रतीकों के कर गये हैं कूच।"

उक्त पंक्तियाँ 'अज्ञेय' की किस कविता से ली गई हैं ?

(A) कलगी बाजरे की

(B) नदी के द्वीप

(C) कोई कहे या न कहे

(D) उड़ चल हारिल

38. निम्न में से कौन बिम्ब का सही अर्थायन है ?

(A) शब्द चित्र

(B) अर्थ चित्र

(C) ध्वनन

(D) वक्रोक्ति

39. 'नए इलाके में' किसका काव्य संग्रह है ?

(A) लीलाधर मंडलोई

(B) मंगलेश डबराल

(C) अरुण कमल

(D) जितेन्द्र श्रीवास्तव

40. 1930 में प्रकाशित 'विचारवीथी' किस निबंधकार का निबंध संग्रह है ?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(D) विद्यानिवास मिश्र

41. "हमारे हिंदुस्तानी लोग तो रेल की गाड़ी हैं। यद्यपि फस्ट क्लास, सेकेण्ड क्लास आदि गाड़ी बहुत अच्छी-अच्छी और बड़े-बड़े महसूल की इस ट्रेन में लगीं हैं पर बिना इंजिन ये सब नहीं चल सकतीं, वैसे ही हिन्दुस्तानी लोगों को कोई चलाने वाला हो तो ये क्या नहीं कर सकते" पंक्ति किस निबन्ध से उद्धृत है ?

(A) दिल्ली दरबार दर्पण
(B) शिवमूर्ति
(C) शिवशम्भू के चिट्ठे
(D) भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है

42. हजारीप्रसाद द्विवेदी ने निम्नलिखित में से किस निबन्ध में मनुष्य को आदिम हिंसक मनोवृत्ति से मुक्त होकर सद्वृत्तियों पर बल देकर सभ्य बनने की कामना की है ?

(A) अशोक के फूल
(B) नाखून क्यों बढ़ते हैं
(C) आलोक पर्व
(D) कुटज

43. 'क्रोध मेरी खुराक है, लोभ मेरा नयन अंजन है और काम भुजंग मेरा क्रीड़ा सहचर है।' प्रस्तुत पंक्ति किस निबन्ध से उद्धृत है ?

(A) संस्कृति और सौन्दर्य
(B) मजदूरी और प्रेम
(C) नाखून क्यों बढ़ते हैं ?
(D) उत्तरा फाल्गुनी के आसपास

44. 'शिवशम्भू के चिट्ठे' निबंध किस वाईसरॉय की भर्त्सना करते हुए लिखा गया था ?

(A) रिपन
(B) कर्जन
(C) मिंटो
(D) चेम्सफोर्ड

45. किस ऋतु का अंतिम नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी है ?

(A) शीत
(B) ग्रीष्म
(C) वर्षा
(D) शरद

46. निम्नलिखित कथनों को उनके पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए -

**कथन**

(a) मैं अपने अदृष्ट को निर्दिष्ट ही रहने दूंगी। वह जहां ले जाए।
(b) कर्ज कोढ़ का रोग होता है, एक बार लगने से तन तो गलत ही है मन भी रोगी हो जाता है।
(c) गिरता हुआ हर 'पोज' एक छोटी सी मौत है।
(d) किसी चीज को न जानना यदि गलत है, तो जान-बूझकर न भूल पाना, हमेशा जोंक की तरह चिपटे रहना, यह भी गलत है।

**पात्र**

(1) डॉ. मुकर्जी
(2) चंपा
(3) जगपती
(4) ह्यूवर्ट

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

Adda247 GET IT ON Google Play



47. व्यंग्य प्रधान रचना है –

(A) इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर

(B) चीफ की दावत

(C) गैंग्रीन

(D) राही

48. निम्नलिखित कहानियों को उनके कहानीकार के साथ सुमेलित कीजिए –

| कहानी | कहानीकार |
|---|---|
| (a) दुलाईवाली | (i) जैनेन्द्र कुमार |
| (b) राही | (ii) फणीश्वरनाथ रेणु |
| (c) अपना-अपना भाग्य | (iii) सुभद्रा कुमारी चौहान |
| (d) लाल पान की बेगम | (iv) बंग महिला |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | iv | iii | i | ii |

49. 'महुआ घटवारिन' का सम्बन्ध किस कहानी से है ?

(A) कानों में कंगना

(B) लाल पान की बेगम

(C) तीसरी कसम

(D) कोसी का घटवार

50. पता नहीं कौन-कौन से दर्द एक दूसरे से मिलकर तरह-तरह की टीस, चटख और ऐंठन पैदा करने लगते। कोई एक रग दुखती तो वह सहलाता भी, जब सभी नसें चटखती हों तो कहाँ-कहाँ रहत का अकेला हाथ सहलाए!

उपर्युक्त अंश किस कहानी का है ?

(A) परिंदे

(B) राही

(C) राजा निरबंसिया

(D) कानों में कंगना

51. निम्नलिखित लम्बी कविताओं को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए –

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| P. हरिजन गाथा | (i) अरुण कमल |
| Q. बाघ | (ii) निराला |
| R. शिवाजी का पत्र | (iii) केदारनाथ सिंह |
| S. प्रमथ्यु गाथा | (iv) नागार्जुन |
| | (v) धर्मवीर भारती |

कूट –

| | P | Q | R | S |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | v |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | v | iv | ii | i |
| (D) | iii | ii | i | iv |

Adda247 GET IT ON Google Play



52. निम्नलिखित पंक्तियों को उनके कहानीकार के साथ सुमेलित कीजिए –

**सूची-I**

P. कर्म का भोग भोग का कर्म यही जड़ का चेतन आनन्द।

Q. होगी जय, होगी जय हे पुरुषोत्तम नवीन।

R. मौन भी अभिव्यंजना है।

S. परम अभिव्यक्ति लगातार है जग में पता नहीं घूमती जाने कहाँ, जाने कहाँ वह है।

**सूची-II**

(i) निराला

(ii) मुक्तिबोध

(iii) जयशंकर प्रसाद

(iv) अज्ञेय

कूट –

| | P | Q | R | S |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | iii | i | iv | ii |
| (C) | i | iv | ii | iii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

53. निम्नलिखित कृतियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए –

**सूची-I**

P. हिन्दी साहित्य का अतीत

Q. हिन्दी साहित्य का सरल इतिहास

R. हिन्दी भाषा और साहित्य

S. हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास

**सूची-II**

(i) गणपति चन्द्र गुप्त

(ii) श्यामसुन्दर दास

(iii) विश्वनाथ त्रिपाठी

(iv) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(v) नलिन विलोचन शर्मा

कूट –

| | P | Q | R | S |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | v | iv | ii | i |
| (D) | iii | ii | i | iv |

Adda247 GET IT ON Google Play



54. निम्नलिखित ग्रथों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए –

**सूची-I**

P. साहित्य का समाजशास्त्र

Q. प्रगतिशील साहित्य की समस्याएं

R. आधुनिक हिन्दी कविता में बिम्ब विधान

S. अद्यतन

**सूची-II**

(i) इन्द्रनाथ मदान

(ii) केदारनाथ सिंह

(iii) अज्ञेय

(iv) नगेन्द्र

(v) रामविलास शर्मा

**कूट –**

| | P | Q | R | S |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | v | ii | iii |
| (C) | iii | i | iv | v |
| (D) | ii | v | iii | iv |

55. निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम है –

(A) प्रियप्रवास, साकेत, कामायनी, कुरुक्षेत्र

(B) साकेत, प्रियप्रवास, कुरुक्षेत्र, कामायनी

(C) कामायनी, कुरुक्षेत्र, साकेत, प्रियप्रवास

(D) प्रियप्रवास, कामायनी, कुरुक्षेत्र,साकेत

56. प्रकाशन की दृष्टि से निम्न काव्य कृतियों का सही क्रम क्या है ?

(A) गीत फरोश, युगवाणी, हरी घास पर क्षण भर, कुकुरमुत्ता

(B) कुकुरमुत्ता, हरी घास पर क्षण भर, युगवाणी, गीत फरोश

(C) हरी घास पर क्षण भर, कुकुरमुत्ता, युगवाणी, गीत फरोश

(D) युगवाणी, कुकुरमुत्ता, हरी घास पर क्षण भर, गीत फरोश

57. निम्नलिखित इतिहास ग्रंथों का कालक्रमानुसार सही क्रम क्या है ?

(A) हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, हिन्दी साहित्य की भूमिका, हिन्दी साहित्य का इतिहास, मिश्रबंधु विनोद

(B) हिन्दी साहित्य का इतिहास, हिन्दी साहित्य की भूमिका, मिश्रबंधु विनोद, हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास

(C) हिन्दी साहित्य की भूमिका, हिन्दी साहित्य का इतिहास, मिश्रबन्धु विनोद, हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास

(D) मिश्रबन्धु विनोद, हिन्दी साहित्य का इतिहास, हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, हिन्दी साहित्य की भूमिका

Adda247 GET IT ON Google Play



58. जन्मकाल के अनुसार निम्नलिखित कवियों का सही अनुक्रम है –

(A) बच्चन, अज्ञेय, रघुवीर सहाय, मुक्तिबोध

(B) बच्चन, अज्ञेय, मुक्तिबोध, रघुवीर सहाय

(C) अज्ञेय, बच्चन, मुक्तिबोध, रघुवीर सहाय

(D) अज्ञेय, बच्चन, रघुवीर सहाय, मुक्तिबोध

59. निम्नलिखित में से हजारी प्रसाद द्विवेदी की रचनाएं हैं –

(a) आधुनिक साहित्य सृजन और समीक्षा

(b) साहित्य का मर्म

(c) मध्यकालीन धर्म साधना

(d) भारतीय सौन्दर्यबोध और तुलसीदास

नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए–

(A) (a) और (b)

(B) (b) और (c)

(C) (c) और (d)

(D) (d) और (a)

60. "मेरी भावनाओं पर सबसे गहरा असर पड़ा है 'परिमल' और 'अनामिका' का।" यह कथन किसका है ?

(A) भवानी प्रसाद मिश्र

(B) शमशेर बहादुर सिंह

(C) श्रीकांत वर्मा

(D) नागार्जुन

61. प्रसाद युग के नाटककार नहीं हैं –

(A) रामचरित उपाध्याय

(B) अंबिकादत्त त्रिपाठी

(C) धर्मवीर भारती

(D) गौरीशंकर प्रसाद

62. 'हिन्दू विधवा' नाटक के नाटककार हैं –

(A) ईश्वरी प्रसाद शर्मा

(B) प्रेमचंद

(C) रामेश्वरी प्रसाद

(D) विश्वम्भरनाथ शर्मा

63. हिन्दी नाटक को रोमांस के कठघरे से निकाल कर आधुनिक भावबोध के साथ जोड़ने वाले नाटककार हैं –

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) लक्ष्मीनारायण लाल

(C) उपेन्द्रनाथ अश्क

(D) विष्णु प्रभाकर

Adda247 GET IT ON Google Play



64. अश्वघोष के 'सौंदरनंद' पर आधारित नाटक है –

(A) आधे-अधूरे

(B) लहरों के राजहंस

(C) रजतशिखर

(D) शशिगुप्त

65. हरिकृष्ण 'प्रेमी' के नाटकों का वर्ण्य-विषय है –

(A) मध्यकालीन ऐतिहासिक घटनाएं

(B) आधुनिक संदर्भ

(C) पौराणिक संदर्भ

(D) कल्पनापरक कथा

66. तीसरी कसम कहानी में हीरामन हीराबाई को किसकी कहानी सुनाता है ?

(A) सोना बाई की

(B) गुलबदन बाई की

(C) कोसी घटवारिन की

(D) महुआ घटवारिन की

67. परिंदे के डॉ. मुकर्जी मूलतः किस शहर के निवासी रहे हैं ?

(A) कलकत्ता

(B) काठमांडु

(C) ढाका

(D) रंगून

68. कुछ दिन पीछे लोगों ने अखबारों में पढ़ा –.. ............68वीं सूची – मैदान में घावों से मरा नं. 77 सिख, राइफल्स जमादार लहनासिंह उसने कहा था। रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –

(A) फ्रांस और जर्मनी

(B) ब्रिटेन और जर्मनी

(C) ब्रिटेन और बेल्जियम

(D) फ्रांस और बेल्जियम

69. 'अपना-अपना भाग्य' कहानी में निम्न में से कौन कथन असत्य है ?

(A) पिछली रात सड़क के किनारे, पेड़ के नीचे ठिठुर कर उस बालक की मृत्यु हो गई

(B) बालक एक रुपया और जूठे खाने पर नौकरी करता था

(C) कथावाचक उसे नौकरी के लिए कल सुबह दस बजे बुलाता है

(D) घर से बदमाशी की सजा के डर से शहर भाग आया था

Adda247 GET IT ON Google Play



70. 'चीफ की दावत' कहानी में चीफ शामनाथ की माँ से क्या बनवाने की मांग करते हैं ?

(A) दुपट्टे की

(B) दुशाले की

(C) फुलकारी की

(D) मेजपोश की

71. "उन्हीं दिनों हमारे सदियों पुराने खानदान में एक युगांतकारी घटना घटित हुई।" यह युगांतकारी घटना क्या थी ?

(A) तुलसीराम के पिता का बारहगाँवा का चौधरी चुना जाना।

(B) तुलसीराम के पिता का 'हरवाही' छोड़ देना।

(C) तुलसीराम के दादा का अंग्रेज सरकार से पुरस्कृत होना।

(D) तुलसीराम को पढ़ने के लिए विद्यालय भेजा जाना।

72. मुर्दहिया में डॉ. तुलसीराम के गाँव का नाम क्या था ?

(A) धरमपुर

(B) शेरपुर कुटी

(C) टड़वाँ

(D) चिरैयाकोट

73. 'संस्कृति के चार अध्याय' में लेखक भारतीय संस्कृति के अंतर्गत हुई चार बड़ी क्रांतियों की बात करते हैं। उनमें से दूसरी क्रांति कौन-सी थी ?

(A) जब आर्य भारत आए

(B) महावीर और बुद्ध का आविर्भाव हुआ

(C) इस्लाम भारत पहुँचा

(D) भारत में यूरोपियन का आगमन हुआ

74. 'एक साहित्यिक की डायरी' का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

(A) 1960

(B) 1962

(C) 1964

(D) 1966

75. निम्नलिखित में से कौन 'अतिमानव' और 'संश्लिष्ट योग' में यकीन करते थे ?

(A) राममोहन रॉय

(B) केशवचन्द्र सेन

(C) विवेकानंद

(D) अरविन्द

Adda247 GET IT ON Google Play



76. "…….यदि मैं जानता कि मैं इतना बड़ा आदमी बनूँगा तो मैं किसी और प्रकार का जीवन जीता।" यह निम्नलिखित में से किनकी उक्ति है ?

(A) प्रेमचंद

(B) निराला

(C) उग्र

(D) शरतचंद्र

77. निम्नलिखित में से कौन 'अवारा मसीहा' के पर्व का शीर्षक नहीं है ?

(A) दिशा भ्रम

(B) दिशाहरा

(C) दिशा की खोज

(D) दिशांत

78. "लेखन एक अनवरत यात्रा - जिसका न कोई अंत है, न मंजिल। बस निरंतर चलते ही जाना ही जिसकी अनिवार्यता है, शायद नियति भी।" उक्त पंक्ति किस रचनाकार की है ?

(A) मन्नू भंडारी

(B) विष्णु प्रभाकर

(C) हरिवंशराय बच्चन

(D) रमणिका गुप्ता

79. 'अरे यायावर रहेगा याद' पुस्तक में संकलित पहली यात्रा वृत्तांत का शीर्षक है -

(A) एलुरा

(B) माझुली

(C) देवताओं के अंचल में

(D) परशुराम से तुरखम

80. नारद जी के भोलाराम को पुकारने पर भोलाराम का जीव कहाँ से प्रतिउत्तर देता है ?

(A) अस्पताल की फाइल से

(B) पेंशन की दरखास्त की फाइल से

(C) नगर निगम की फाइल से

(D) पुलिस थाने की फाइल से

81. निम्नलिखित में से किस उपन्यास को वर्ष 1980 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?

(A) तमस

(B) रागदरबारी

(C) जिंदगीनामा

(D) आपका बंटी

82. "यहाँ ऊपर से शान्त दिखने वाली नदी की भँवरें हैं जो भीतर-ही-भीतर मनुष्य को दबाकर तलहटी से लगा देती हैं और दूसरों को वह तभी दिखायी देता है जब उसकी लाश उतराती हुई बहने लगे।" यह कथन किस उपन्यास से संबन्धित है ?

(A) गोदान

(B) झूठा सच

(C) तमस

(D) धरती धन न अपना

Adda247 GET IT ON Google Play



83. मनमोहन और लाला ब्रजकिशोर निम्न में से किस उपन्यास के पात्र हैं ?

(A) परीक्षा गुरू

(B) देवरानी जेठानी की कहानी

(C) शेखर : एक जीवनी

(D) जिंदगीनामा

84. निम्नलिखित में से कौन जिंदगीनामा का हिस्सा नहीं है ?

(A) तारा-शाह-बरकती

(B) राबयाँ-बड़े शाह

(C) काली-ज्ञानो

(D) फतेह-शेरा

85. अज्ञेय कृत शेखर : एक जीवनी, भाग एक, (उत्थान) के द्वितीय खंड का नाम है –

(A) उषा और ईश्वर

(B) पुरुष और परिस्थिति

(C) बीज और अंकुर

(D) प्रकृति और पुरुष

86. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना मन्नू भंडारी और राजेन्द्र प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई है ?

(A) सारा आकाश

(B) पति-पत्नी

(C) एक इंच मुस्कान

(D) शह और मात

87. 'धरती धन न अपना' उपन्यास का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

(A) 1970

(B) 1972

(C) 1974

(D) 1976

88. किस आलोचक ने गोदान को 'कृषक जीवन का औपन्यासिक दस्तावेज' कहा है ?

(A) नंददुलारे बाजपेयी

(B) रामदरश मिश्र

(C) रामविलास शर्मा

(D) परमानन्द श्रीवास्तव

89. निम्नलिखित में से कौन जगदीश चंद्र के उपन्यास त्रयी का हिस्सा नहीं हैं ?

(A) कभी न छोड़ें खेत

(B) धरती धन न अपना

(C) नरक कुंड में वास

(D) जमीन अपनी तो थी

90. स्वातंत्र्योत्तर भारत के ग्रामीण जीवन की मूल्यहीनता को परत-दर-परत उघाड़ने वाला उपन्यास निम्न में से कौन है ?

(A) झूठा सच

(B) तमस

(C) रागदरबारी

(D) आपका बँटी

Adda247 GET IT ON Google Play



निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर दिये गए प्रश्न संख्या 91-95 के सही उत्तर दीजिए-

"दुःख के वर्ग में जो स्थान भय का है, वही स्थान आनन्द-वर्ग में उत्साह का है। भय में हम प्रस्तुत कठिन स्थिति के निश्चय से विशेष रूप में दुःखी और कभी-कभी उस स्थिति से अपने को दूर रखने के लिए प्रयत्नवान् भी होते हैं। उत्साह में हम आने वाली कठिन स्थिति के भीतर साहस के अवसर के निश्चय-द्वारा प्रस्तुत कर्म-सुख की उमंग में अवश्य प्रयत्नवान् होते हैं। उत्साह में कष्ट या हानि सहने की दृढ़ता के साथ-साथ कर्म में प्रवृत्त होने के आनन्द का योग रहता है। साहस-पूर्ण आनन्द की उमंग का नाम उत्साह है। कर्म-सौन्दर्य के उपासक ही सच्चे उत्साही कहलाते हैं।"

91. उत्साह का वर्ग है –

(A) राग

(B) आनंद

(C) भय

(D) साहस

92. उक्त गद्यांश किस निबंध का अंश है ?

(A) उत्साह

(B) ईर्ष्या

(C) भक्ति

(D) श्रद्धा

93. मूल निबंध के लेखक हैं –

(A) कुबेरनाथ राय

(B) विद्यानिवास मिश्र

(C) आ. रामचंद्र शुक्ल

(D) मुक्तिबोध

94. हानि सहने की दृढ़ता होती है –

(A) कर्म में

(B) जगत में

(C) आनंद में

(D) उत्साह में

95. सच्चे उत्साही हैं –

(A) धर्म सौंदर्य के उपासक

(B) कर्म सौंदर्य के उपासक

(C) शब्द सौंदर्य के उपासक

(D) शब्द सौंदर्य के उपासक

Adda247 GET IT ON Google Play



निम्नलिखित पद्यांश को ध्यान से पढ़कर दिए गये प्रश्न 96-100 के सही उत्तर दीजिए –

हैं अमानिशा, उगलता गगन घन अन्धकार,
खो रहा दिशा का ज्ञान, स्तब्ध है पवन-चार,
अप्रतिहत गरज रहा पीछे अम्बुधि विशाल,
भूधर ज्यों ध्यानमग्न, केवल जलती मशाल।
स्थिर राघवेन्द्र को हिला रहा फिर-फिर संशय
रह-रह उठता जग जीवन में रावण-जय-भय,
जो नहीं हुआ आज तक हृदय रिपु-दम्य-श्रान्त,
एक भी, अयुत-लक्ष में रहा जो दुराक्रान्त,
कल लड़ने को हो रहा विकल वह बार-बार,
असमर्थ मानता मन उद्यत हो हार-हार।

96. ‘अमा’ का अर्थ है –

(A) अमावस्या

(B) रात

(C) हृदय

(D) भाव

97. ‘अम्बुधि’ का आशय है –

(A) मन

(B) राम

(C) हनुमान

(D) समुद्र

98. “असमर्थ मानता मन उद्यत हो हार-हार” – किसकी ओर संकेत है ?

(A) राम

(B) हनुमान

(C) रावण

(D) अम्बुधि

99. ‘अप्रतिहत’ का अर्थ है –

(A) लगातार

(B) मृत्यु

(C) जीव

(D) अँधेरा

100. उपरोक्त पद्यांश किस कविता का अंश है ?

(A) बादल राग

(B) परिवर्तन

(C) राम की शक्ति पूजा

(D) साकेत

Adda247 GET IT ON Google Play

Total Number of Pages : 20

# रफ कार्य

Adda247